जनमदिन श्याम का आया | By Sunanda Choubisa

खाटू की गलियों में मस्ती का रंग छाया रे
जनमदिन श्याम का आया रे
जनमदिन श्याम का आया रे
जनमदिन श्याम का आया रे
जनमदिन श्याम का आया रे

बैठा सजके सेठ सांवरा लग रहा प्यारा प्यारा
जन्मोत्सव बाबा का मनाने आया ये जग सारा
आया ये जग सारा .....
अपने प्रेमियों को दीवाना इसने बनाया रे
जनमदिन श्याम का आया रे .....

खूब सजी है खाटू नगरी गूँज रहे जयकारे
श्याम नाम की मस्ती में यहाँ मस्त मगन हैं सारे
मस्त मगन हैं सारे .....
हैप्पी बर्थडे साँवरिये का सबने मनाया रे
जनमदिन श्याम का आया रे .....

केक कट रहे बंटती मिठाई उत्सव है यहाँ भारी
श्याम प्रेमियों ने इस दिन की जमकर की तैयारी
जमकर की तैयारी .....
कुंदन ने मीठे भजनो से श्याम रिझाया रे
जनमदिन श्याम का आया रे .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a4%ae%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%a8-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-by-sunanda-choubisa/